हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
shramshikhar@gmail.com
shram shikhar
shramshikhar.co.in
shramshikhar.in
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ 153-2025-2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) मेरठ । फोन: 0121-2641338

WATCH
SHARE & SUBSCRIBE
YouTube
@Sadbhavna Waves
@Shram Shikhar
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज
लाईव/रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
9219660359

ई-पेपर के लिए क्लिक करें
वर्ष 18, अंक 23, विक्रम संवत 2083 आषाढ़ शुक्ल अष्टमी चतुर्दशी तक 20 जुलाई सोमवार से 26 जुलाई रविवार 2026 तक कुलपृष्ठ 08 मूल्य ₹ 08

## माधाव ने मां लक्ष्मी को अपने झोपडे मए शरण देदी, ओर मां लक्ष्मी तीन साल उस माधव के घर पर नोकरानी बन कर रही;

एक बार भगवान विष्णु जी शेषनाग पर बेठे बेठे बोर होगये, ओर उन्होने धरती पर घुमने का विचार मन मै किया, वेसे भी कई साल बीत गये थे धरती पर आये, ओर वह अपनी यात्रा की तेयारी मे लग गये, स्वामी को तेयार होता देख कर लक्ष्मी मां ने पुछा !!आज सुबह सुबह कहा जाने कि तेयारी हो रही है?? विष्णु जी ने कहा हे




लक्ष्मी मै धरती लोक पर घुमने जा रहा हुं, तो कुछ सोच कर लक्ष्मी मां ने कहा ! हे देव क्या मै भी आप के साथ चल सकती हुं???? भगवान विष्णु ने दो पल सोचा फ़िर कहा एक शर्त पर, तुम मेरे साथ चल सकती हो तुम धरती पर पहुच कर उत्तर दिशा की ओर बिलकुल मत देखना, इस के साथ ही माता लक्ष्मी ने हां कह के अपनी मनवाली।

ओर सुबह सुबह मां लक्ष्मी ओर भगवान विष्णु धरती पर पहुच गये, अभी सुर्य देवता निकल रहे थे, रात बरसात हो कर हटी थी, चारो ओर हरियाली ही हरियाली थी, उस समय चारो ओर बहुत शान्ति थी, ओर धरती बहुत ही सुन्दर दिख रही थी, ओर मां लक्ष्मी मन्त्र मुग्ध हो कर धरती को देख रही थी, ओर भुल गई कि पति को क्या वचन दे कर आई है?ओर चारो ओर देखती हुयी कब उत्तर दिशा की ओर देखने लगी पता ही नही चला।

उत्तर दिशा मै मां लक्ष्मी को एक बहुत ही सुन्दर बगीचा नजर आया, ओर उस तरफ़ से भीनी भीनी खुशबु आ रही थी,ओर बहुत ही सुन्दर सुन्दर फ़ुल खिले थे,यह एक फ़ुलो का खेत था, ओर मां लक्ष्मी बिना सोचे समझे उस खेत मे गई ओर एक सुंदर सा फ़ुल तोड लाई, लेकिन यह क्या जब मां लक्ष्मी भगवान विष्णु के पास वापिस आई तो भगवान विष्णु की आंखो मै आंसु थे, ओर भगवान विष्णु ने मां लक्ष्मी को कहा कि कभी भी किसी से बिना पुछे उस का कुछ भी नही लेना चाहिये, ओर साथ ही अपना वचन भी याद दिलाया।

मां लक्ष्मी को अपनी भुल का पता चला तो उन्होने भगवान विष्णु से इस भुल की माफ़ी मागी, तो भगवान विष्णु ने कहा कि जो तुम ने जो भुल की है उस की सजा तो तुम्हे जरुर मिलेगी?? जिस माली के खेत से तुम नए बिना पुछे फ़ुल तोडा है, यह एक प्रकार की चोरी है, इस लिये अब तुम तीन साल तक माली के घर नोकर बन कर रहो, उस के बाद मै तुम्हे बैकुण्ठ मे वपिस बुलाऊंगा, मां लक्ष्मी ने चुपचाप सर झुका कर हां कर दी( आज कल की लक्ष्मी थोडे थी?

ओर मां लक्ष्मी एक गरीब ओरत का रुप धारण करके , उस खेत के मालिक के घर गई, घर क्या एक झोपडा था, ओर मालिक का नाम माधव था, माधब की बीबी, दो बेटे ओर तीन बेटिया थी , सभी उस छोटे से खेत मै काम करके किसी तरह से गुजारा करते थे,

मां लक्ष्मी जब एक साधारण ओर गरीब ओरत बन कर जब माधव के झोपडे पर गई तो माधव ने पुछा बहिन तुम कोन हो?ओर इस समय तुम्हे क्या चाहिये? तब मां लक्ष्मी ने कहा ,मै एक गरीब ओरत हू मेरी देख भाल करने वाला कोई नही, मेने कई दिनो से खाना भी नही खाया मुझे कोई भी काम देदो, साथ मै मै तुम्हरे घर का काम भी कर दिया करुगी, बस मुझे अपने घर मै एक कोने मै आसरा देदो? माधव बहुत ही अच्छे दिल का मालिक था, उसे दया आ गई, लेकिन उस ने कहा, बहिन मै तो बहुत ही गरीब हुं, मेरी कमाई से मेरे घर का खर्च मुस्किल से चलता है, लेकिन अगर मेरी तीन की जगह चार बेटिया होती तो भी मेने गुजारा करना था, अगर तुम मेरी बेटी बन कर जेसा रुखा सुखा हम खाते है उस मै खुश रह सकती हो तो बेटी अन्दर आ जाओ।

**माधाव ने मां लक्ष्मी को अपने झोपडे मए शरण देदी, ओर मां लक्ष्मी तीन साल उस माधव के घर पर नोकरानी बन कर रही;**

जिस दिन मां लक्ष्मी माधव के घर आई थी उस से दुसरे दिन ही माधाव को इतनी आमदनी हुयी फ़ुलो से की शाम को एक गाय खरीद ली,फ़िर धीरे धीरे माधव ने काफ़ी जमीन खारीद ली, ओर सब ने अच्छे अच्छे कपडे भी बनबा लिये, ओर फ़िर एक बडा पक्का घर भी बनबा लिया, बेटियो ओर बीबी ने गहने भी बनबा लिये, ओर अब मकान भी बहुत बडा बनाबा लिया था।

माधव हमेशा सोचता था कि मुझे यह सब इस महिला के आने के बाद मिला है, इस बेटी के रुप मे मेरी किस्मत आ गई है मेरी, ओर अब २-५ साल बीत गये थे, लेकिन मां लक्ष्मी अब भी घर मै ओर खेत मै काम करती थी, एक दिन माधव जब अपने खेतो से काम खत्म करके घर आया तो उस ने अपने घर के सामने दुवार पर एक देवी स्वरुप गहनो से लदी एक ओरात को देखा, ध्यान से देख कर पहचान गया अरे यह तो मेरी मुहं बोली चोथी बेटी यानि वही ओरत है, ओर पहचान गया कि यह तो मां लक्ष्मी है.

अब तक माधव का पुरा परिवार बाहर आ गया था, ओर सब हेरान हो कर मां लक्ष्मी को देख रहै थे,माधव बोला है मां हमे माफ़ कर हम ने तेरे से अंजाने मै ही घर ओर खेत मे काम करवाया, है मां यह केसा अपराध होगया, है मां हम सब को माफ़ कर दे

अब मां लक्ष्मी मुस्कुराई ओर बोली है माधव तुम बहुत ही अच्छे ओर दयालु व्यक्ति हो, तुम ने मुझे अपनी बेती की तरह से रखा, अपने परिवार के सदस्या की तरह से, इस के बदले मै तुम्हे वरदान देती हुं कि तुम्हारे पास कभी भी खुशियो की ओर धन की कमी नही रहे गी, तुम्हे सारे सुख मिलेगे जिस के तुम हक दार हो, ओर फ़िर मां अपने स्वामी के दुवारा भेजे रथ मे बेठ कर बेकुण्ठ चली गई







इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# सम्पादकीय

## विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी रोग के संबंध में आहूत की गई बैठक

**ग्राम मानपुर की आशा कार्यकर्त्री द्वारा डिलीवरी हेतु महिला मरीज को प्राइवेट अस्पताल में मिलीभगत कर भर्ती करना एवं लापरवाही के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने संबंधित आशा की सेवा समाप्त करने के दिये निर्देश**

**स्वास्थ्य योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा के संबंध में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

**संचारी एवं दस्तक अभियान हेतु जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर चलाया जायेगा जागरूकता अभियान, आयोजित किये जायेंगे कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

विकास भवन सभागार में आज जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक की अनुपालन आख्या तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण उपचार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान जनसुनवाई में प्राप्त एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने माछरा सीएचसी क्षेत्र के ग्राम मानपुर की एक आशा कार्यकर्त्री द्वारा महिला मरीज को डिलीवरी हेतु मिलीभगत कर निजी अस्पताल में भर्ती कराने तथा कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के प्रकरण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में संबंधित आशा कार्यकर्त्री की सेवा समाप्त करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा सभी अधिकारी नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीएचसी, पीएचसी एवं अन्य सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों का नियमित निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जाए।


जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य योजना में जनपद की प्रगति औसत से कम नहीं होनी चाहिए। सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त किए जाएं तथा टीकाकरण अभियान में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा ''स्कूल चलो अभियान'' के साथ समन्वय स्थापित कर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए तथा मलेरिया एवं अन्य संचारी रोगों की रोकथाम हेतु माइक्रोप्लान के अनुसार कार्यवाही करते हुए साप्ताहिक समीक्षा एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में बिल भुगतान, उपकरण क्रय तथा यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ एवं यूएनडीपी से संबंधित प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राम प्रसाद, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, समस्त बीडीओ, समस्त बीईओ, एसीएमओ, एमओआईसी, सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।
























आज और अभी से
नए मनुष्य का युग-दर्शन
भगवान रजनीश.....

## महाभारत अर्जुन की प्रतिज्ञा

महाभारत का भयंकर युद्ध चल रहा था। लड़ते-लड़के अर्जुन रणक्षेत्र से दूर चले गए थे। अर्जुन की अनुपस्थिति में पाण्डवों को पराजित करने के लिए द्रोणाचार्य ने चक्रव्यूह की रचना की। अर्जुन-पुत्र अभिमन्यु चक्रव्यूह भेदने के लिए उसमें घुस गया।

उसने कुशलतापूर्वक चक्रव्यूह के छः चरण भेद लिए, लेकिन सातवें चरण में उसे दुर्योधन, जयद्रथ आदि सात महारथियों ने घेर लिया और उस पर टूट पड़े। जयद्रथ ने पीछे से निहत्थे अभिमन्यु पर जोरदार प्रहार किया। वह वार इतना तीव्र था कि अभिमन्यु उसे सहन नहीं कर सका और वीरगति को प्राप्त हो गया।

अभिमन्यु की मृत्यु का समाचार सुनकर अर्जुन क्रोध से पागल हो उठा। उसने प्रतिज्ञा की कि यदि अगले दिन सूर्यास्त से पहले उसने जयद्रथ का वध नहीं किया तो वह आत्मदाह कर लेगा। जयद्रथ भयभीत होकर दुर्योधन के पास पहुँचा और अर्जुन की प्रतिज्ञा के बारे में बताया।

दुर्योधन उसका भय दूर करते हुए बोला-"चिंता मत करो, मित्र! मैं और सारी कौरव सेना तुम्हारी रक्षा करेंगे। अर्जुन कल तुम तक नहीं पहुँच पाएगा। उसे आत्मदाह करना पड़ेगा।" अगले दिन युद्ध शुरू हुआ।

अर्जुन की आँखें जयद्रथ को ढूँढ रही थीं, किंतु वह कहीं नहीं मिला। दिन बीतने लगा। धीरे-धीरे अर्जुन की निराशा बढ़ती गई। यह देख श्रीकृष्ण बोले-"पार्थ! समय बीत रहा है और कौरव सेना ने जयद्रथ को रक्षा कवच में घेर रखा है। अतः तुम शीघ्रता से कौरव सेना का संहार करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ो।"

यह सुनकर अर्जुन का उत्साह बढ़ा और वह जोश से लड़ने लगे। लेकिन जयद्रथ तक पहुँचना मुश्किल था। संध्या होने वाली थी। तब श्रीकृष्ण ने अपनी माया फैला दी। इसके फलस्वरूप सूर्य बादलों में छिप गया और संध्या का भ्रम उत्पन्न हो गया। 'संध्या हो गई है और अब अर्जुन को प्रतिज्ञावश आत्मदाह करना होगा।'-यह सोचकर जयद्रथ और दुर्योधन खुशी से उछल पड़े। अर्जुन को आत्मदाह करते देखने के लिए जयद्रथ कौरव सेना के आगे आकर अट्टहास करने लगा।

जयद्रथ को देखकर श्रीकृष्ण बोले-"पार्थ! तुम्हारा शत्रु तुम्हारे सामने खड़ा है। उठाओ अपना गांडीव और वध कर दो इसका। वह देखो अभी सूर्यास्त नहीं हुआ है।" यह कहकर उन्होंने अपनी माया समेट ली। देखते-ही-देखते सूर्य बादलों से निकल आया। सबकी दृष्टि आसमान की ओर उठ गई। सूर्य अभी भी चमक रहा था।

यह देख जयद्रथ और दुर्योधन के पैरों तले जमीन खिसक गई। जयद्रथ भागने को हुआ लेकिन तब तक अर्जुन ने अपना गांडीव उठा लिया था।

तभी श्रीकृष्ण चेतावनी देते हुए बोले-"हे अर्जुन! जयद्रथ के पिता ने इसे वरदान दिया था कि जो इसका मस्तक जमीन पर गिराएगा, उसका मस्तक भी सौ टुकड़ों में विभक्त हो जाएगा। इसलिए यदि इसका सिर ज़मीन पर गिरा तो तुम्हारे सिर के भी सौ टुकड़े हो जाएँगे। हे पार्थ! उत्तर दिशा में यहाँ से सो योजन की दूरी पर जयद्रथ का पिता तप कर रहा है। तुम इसका मस्तक ऐसे काटो कि वह इसके पिता की गोद में जाकर गिरे।"

अर्जुन ने श्रीकृष्ण की चेतावनी ध्यान से सुनी और अपनी लक्ष्य की ओर ध्यान कर बाण छोड़ दिया। उस बाण ने जयद्रथ का सिर धड़ से अलग कर दिया और उसे लेकर सीधा जयद्रथ के पिता की गोद में जाकर गिरा। जयद्रथ का पिता चौंककर उठा तो उसकी गोद में से सिर ज़मीन पर गिर गया। सिर के जमीन पर गिरते ही उनके सिर के भी सौ टुकड़े हो गए। इस प्रकार अर्जुन की प्रतिज्ञा पूरी हुई।



## क्योंकि अहंकार ही शत्रु है

मैं हिमालय की यात्रा पर था। मनाली में एक वृक्ष के नीचे, पता चला मुझे कि एक साधु कोई बीस वर्षो से बैठता है। वहीं रहता है। वही वृक्ष उसका आवास है। घना वृक्ष था, सुंदर वृक्ष था। अभी साधु भिक्षा मांगने गया था। तो मैं उस वृक्ष के नीचे बैठ रहा। जब वह लौटकर आया तो मैने आंखें बंद कर लीं। उसने मुझे देखा और कहा कि उठिए, यह वृक्ष मेरा है। यहां मैं बीस साल से बैठता हूं।' मैंने कहा, 'वृक्ष किसी का भी नहीं होता। और बीस साल से नहीं, तुम बीस हजार साल से बैठते होओ, इससे क्या फर्क पड़ता है? अभी तो मैं बैठा हूं। जब मैं हटूं तब तुम बैठ जाना। अब मैं हटनेवाला नहीं हूं।' वे तो एकदम आगबबूला हो गए कि यह जगह मेरी है! हरेक को पता है। यहां और भी बहुत साधु—संन्यासी आते हैं, सबको मालूम है कि यह वृक्ष मेरा है। मैंने उनको और भडकाया। तो उनका क्रोध बढ़ता चला गया। फिर मैंने उनसे कहा कि मैं सिर्फ यह जानने के लिए आपको भड्का रहा था, मुझे कुछ लेना—देना नहीं वृक्ष से, मुझे यहां रहना भी नहीं, मैं सिर्फ यह देख रहा था कि आप बीस साल पहले घर छोड़ दिए पत्नी बच्चे छोड दिए आपकी कथाएं मैंने सुनी हैं कि आप बड़े त्यागी हैं, मगर अब यह वृक्ष को पक्डकर बैठे हैं! आपका हो गया! यह जमीन आपकी हो गयी! इस पर अब कोई दूसरा बैठ नहीं सकता। तो यह नया घर बसा लिया। यह स्वाभाविक है। अगर समझ न हो तो तुम जो भूल करते थे, फिर—फिर करोगे। नये—नए ढंग से करोगे। नयी—नयी दिशाओं में करोगे। मगर भूल से बचोगे कैसे? निश्चित ही मोह के समान और कोई शत्रु नहीं है, क्योंकि अहंकार ही शत्रु है। और अहंकार का जो फैलाव है, जहां—जहां अहंकार जुड़ जाता है, वहां वहां मोह है। जहां तुमने कहा मेरा, वहां मोह है। इसलिए मैं कहता हूं मत कहना—मेरा धर्म; मत कहना—मेरा शास्त्र, मेरी कुरान, मेरी बाइबिल, मेरी गीता! मत कहना—मेरा देश, मेरी जाति, मेरा वर्ण, मेरा कुल! ये सब मोह ही हैं और बहुत सूक्ष्म मोह हैं। -ओशो"



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153-2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

### श्रम शिखर कार्यालय

**मेरठ**—श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121—2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359)
**उत्तराखण्ड** – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998)
**गाजियाबाद**— अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, (09540018282),
**दिल्ली**— राखी मित्तल—एफ—1, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस—1, न्यू दिल्ली—110017 मो0 9868511922
**हरियाणा**— राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस—4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922
**मुजफ्फरनगर**— विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899
**दिल्ली**— **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी—120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555
**लखनऊ**— अजय श्रीवास्तव, 3/20, विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218,
**मुम्बई**—अचल गुप्ता, बी— 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई—63 मो. 9920939916
**सरधना**—महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला —गुजरान,सरधना, मेरठ ।
**हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

### डाक पंजीकरण संख्या—मेरठ

**153-2025-2027**
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ— 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
**सम्पादकः सुनीता रानी**
**प्रबन्धकः राकेश गुप्ता**
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सम्पादन हेतु जी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

BUSINESS
व्यापार परिचय- अपने व्यापार का विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED

अवसर ढूंढ रहे है — जरूरत पूरी करें — पायें समाधान!

# Classified interACT समाधान उपलब्ध

## अपने अनुसार किसी भी उत्पाद, वस्तु के लिए अपना शीर्षक चुनें।

### आवश्यकता

**Vinex® bhalla international**

**REQUIRED**

**1. SUPERVISOR** (NICKLE, ZINC & PAINTSHOP) B. Tech/B.sc in chemical with 2-5 yrs. relevant exp. in a Mfg. unit.

**2. STORE-KEEPER** Graduation with 3-5 yrs exp. in a Mfg. unit.

**3. GUNMAN** Having license of double barrel gun, (Ex-Ser.man will be prefer)

**BHALLA INTERNATIONAL**
A-1/1, UDYOG PURAM, PARTAPUR, MEERUT
PH: 0121-7196667, 2441111
Email: jobs@vinex.co.in

**आवश्यकता है—** स्थानीय युवकों की वेल्डर, मशीनों पर कार्य एवं हैल्पर, टी टेबल के कारीगर, संपर्क दिल्ली रोड, मेरठ # 9219562423

female receptionist cum assistant, आया, सफाई कर्मचारिनी, गार्ड, PRO/marketing की अरोड़ा अल्ट्रासाउंड Near Eves Crossing मेरठ 9897280968

### उपलब्धता

हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
क्या आप भी ढूढ़ रहे है या आपके पास उपलब्ध हैं, आपनी आवश्यकता के अनुसार आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।
9690331338
9219660359

**सूचना** आवासीय मकान म्युनिसिपल नं० 424 रकबई 104 वर्गगज यानि 86.95 वर्गमीटर खसरा नं० 1453मि० स्थित आदर्शनगर, बेगमाबाद बुदाना तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद की सह स्वामी है। इस सम्पत्ति की बावत असल पुराना बैनामा इकरारी श्री चन्द्रपाल सिंह आदि बहक श्रीमती शीला देवी, जो दिनांक 21.05.1978ई० क्रमांक 2913 पर सबरजिस्ट्रार, गाजियाबाद में पंजीकृत हुआ था, असल मूल बैनामा खो गया। इस सम्पत्ति को वर्तमान स्वामियों श्रीमती माधुरी त्यागी, कंचन त्यागी व समीर त्यागी से खरीदने के लिये श्रीमती रेनु मित्तल द्वारा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, पिनेक्ल टॉवर निकट वैशाली कॉर्नर, प्रथम तल, गढ़ रोड, मेरठ में बंधक रख लोन ले रही है। आपत्तिकर्ता 07 दिन में बैंक/विरेन्द्र सिंह सिरोही एडवोकेट, चैम्बर नं० 155, प्याऊ चौपला निकट निर्वाचन कार्यालय, कचहरी, मेरठ 9837401328 को सूचित करे।

### नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम ओम बीरी देवी के स्थान पर ओम बीरी कर लिया है भविष्य में मुझे ओम बीरी पत्नी श्री मदन पाल के नाम से जाना जाए। नि. ग्रा. बदनोली जिला हापुड़ (30 प्र0)

I Ayekansh S/O Late Pawan Kumar Tyagi R/O 1020/3 Shastri Nagar,Meerut,U.P-250004 have changed my name to Ayekansh Tyagi for all future purposes

मेरे पति स्व. लिविन कुमार सर्विस नं. 155 70018 H के रिकॉर्ड त्रुटिवश मेरी जन्म तिथि 01/04/1984 अंकित है जो कि गलत है सही जन्म तिथि 19/10/1988 है। मोनिका उपाध्याय w/o स्व. लिविन कुमार खसरा नं.-19, इशापुरम, मवाना रोड मेरठ 30 प्र0, शपथ पत्र नंबर IN- UP 654548 904 38974 X

### सम्बन्ध-विच्छेद

में अपने पुत्र कपिल सैनी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी सम्बन्ध बिच्छेद करता हु। उमेश कुमार पुत्र रामशरण निवासी ग्राम

### वैवाहिक

हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
वैवाहिक के लिए आप भी वर/वधू ढूढ़ रहें, तो आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।
9690331338
9219660359

### वधू चाहिए

B'ful PQM 4 H'some Gupta Boy 34/ 5' 7"/ 2+ Cr MBA, Own film contant Production Business, well settled in Mumbai. NCR affulant Family. Share BHP 9219660359, 897373736

### खरीदना-बेचना

कॉर्नर,121 वर्गमीटर (145 वर्गगज) प्लॉट, अपोजिट ग्रेटरगंगा पॉश कॉलोनी, गंगानगर,मेरठ । गेटेड चार दीवारी, 51'*25'-7", नेगोशिएबल, सम्पर्क- 8533921601

### पत्रकारिता

जागरण शिक्षा- पत्रकारिता की फ्री प्रैक्टिकल ट्रैनिंग प्राप्त कीजिए, सरकारी/प्राइवेट सर्विस पाइए। हिन्दी ग्रेजुएट युवजन (दोनों) सम्पर्क करें। थाना टी.पी. नगर, मेरठ मो. 8279 33 2112

### खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0607415 व इंटर 2018 अनुक्रमांक 0488882 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गए हैं शिवानी पुत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार शिवपुरम, मेरठ।

मेरी हाईस्कूल वर्ष 1980, 81, अनुक्रमांक 099148 की मार्कशीट व सनद खो गई है नसरीन फात्मा पुत्री श्री सैय्यद गुलाम मुजतबा नि0, 148/ ए, फ्रेंड्स कॉलोनी ब्रह्मपुरी मेरठ।

हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED
अपने प्रोपर्टीज, मकान, दुकान, प्लॉट आदि के मुफ्त विज्ञापन प्रकाशित तथा डायरेक्ट पार्टी से
सम्पर्क सूत्र
मो. 9219660359

R.R. ADVERTISING SERVICES MEERUT
YOUR CONVENIENCE IS OUR PRIORITY
We value your time and Book Advertisement at
For More Details Contact
E-mail & Call Us
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com
9690331338
9219660359

हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
विज्ञापन बुकिंग हेतु विभिन्न प्रकार
बुटीक
एकेडेमिक
हॉबी क्लासेस
मोटर ड्राइविंग
बवासीर/फिशर
चिकित्सा
नशा छुड़वायें
गैर रिहायशी
भूमि/भूखण्ड
वाहन संबंधी
मशीनरी
पालतू जानवर
बालों का झड़ना
कद बढ़ाएं
व्यक्तिगत सूचना
इन्वर्टर/बैट्री
मोबाइल/सेलफोन
वैवाहिक सेवाएं
लघु उद्योग
टीचर्स/शिक्षक
वर्कर/रोजगार
सेल्स/मार्केटिंग
ऑफिस जॉब्स
सिक्योरिटी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कॉल सेंटर
फिल्म इंडस्ट्री
तकनीकी
मेडिकल
होटल/रेस्त्रां
अकाउंटेंट
हाउसकीपिंग
ड्राइवर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
M. 92196 60359

FRIZZON
TRAVEL | EVENTS | FILMS
Services
Domestic & International
• Flight Booking
• Visa Assistance
• Travel Insurance
• Baggage Guidance
• Hotel Booking
• Cruise Booking
• Car-Rental...
Your journey, made simple and stree-free
SCAN Now! More Information

Book Now
☎ 0121-2641338
8266023450
www. frizzontravel.com
booking@frizzontravel.com

ELECTRONIC SIGNAGE Now Available
भारतीय जन-जन के विकास के लिए
भारतीय जन-जन के विकास के लिए हम श्रेष्ठता उत्सव बना रहे हैं, 1979 से लगातार 46 वर्षो से व्यवसाय एवं व्यक्तिगत जन-जन के विकास के लिए मीडिया समाधान कर रहे है। हमें विभिन्न मीडिया संस्थान से पुरस्कृत होने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ है।
आपका हम पर विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद्!
व्यवसाय श्रेष्ठता जन-जन सेवा समर्पण के साथ करते हुए परमात्मा को नमन है।
Affilate Marketing Person Required
www.rradvertisingmeerut.com
Estd. 1979
R.R. ADVERTISING SERVICES
(MEDIA SOLUTION PROVIDER)
283, SHRI KRISHAN BHAWAN, WESTERN KUTCHERY ROAD, OPP. SHIVLOK COMPLEX, MEERUT (U.P.)

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

MATRIMONIAL
वैवाहिक परिचय- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और जन्मपत्री के साथ वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान

# मा0 जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व नारी निकेतन का निरीक्षण

आज मा0 जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा-द्वितीय, जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह व एसएसपी अविनाश पांडे द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन)



का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में मा0 जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चिकित्सालय कक्ष, महिला बैरक, पुरूष बैरक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं कार्यशाला आदि का निरीक्षण किया। उन्होने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। मा0 जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, खेलकूद, पेशी, पैरवी हेतु वकील, स्वास्थ्य आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की।

सूरजकुंड बालगृह पर मा0 जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढाई, दवाई, स्वास्थ्य, खेलकूद आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। मा0 जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) में बच्चो को दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डा0 राम प्रसाद, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नम्रता सिंह प्रथम, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टॉफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने वाले अभ्यार्थियों के लिए समय-सारिणी जारी**

जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश रॉय ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के अन्य पिछड़े वर्ग के (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता युवक/युवतियों, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से अधिकतम वार्षिक आय रू0 1,00,000/- तक है, को रोजगारपरक कम्प्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारत सरकार की संस्था संस्था "नीलिट" से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा के माध्यम से "ओ" लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा।



इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 16 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की विभागीय वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक पर संस्था एवं अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु दिशा-निर्देश/समय-सारिणी उक्त वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी गयी है।

ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन-पत्र की हार्डकॉपी आवश्यक अभिलेखों सहित दिनांक 10 जुलाई 2026 की सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, मेरठ में जमा करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र पूर्ण माना जायेगा। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, मेरठ में भी सम्पर्क किया जा सकता हैं।

**अन्य पिछड़ा वर्ग के (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) गरीब व्यक्ति शादी अनुदान**



**योजनान्तर्गत करें आनलाईन आवेदन-जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश रॉय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत पात्र आवेदकों को रू0 20,000.00 (अंकन रु0 बीस हजार मात्र) का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है । शादी अनुदान हेतु आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात् तक (उस ही वित्तीय वर्ष में) www.shadianudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद मेरठ के अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु वर्तमान में कुल 198 लाभार्थियों का बजट प्राप्त है।

शादी अनुदान आवेदन हेतु अर्हता निम्न प्रकार है:-आवेदक अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए, पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है, शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदक की आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में रु0 1,00,000/- (अंकन रु0 एक लाख मात्र) प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए, एक आवेदक अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी अनुदान हेतु आवेदन कर सकता है, पहचान पत्र की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, विवाह के प्रमाणपत्र की छायाप्रति, वर व कन्या की आयु से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, आधार कार्ड तथा आवेदक व कन्या का फोटो होने पर शादी अनुदान हेतु आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। आवेदक तथा आवेदक की पुत्री के आधार कार्ड से मोबाइल नंबर का लिंक होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिये कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, कचहरी परिसर, मेरठ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है ।

R-Reliable, R-Reasonable
RR
Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event
Estd. 1979
ADVERTISING SERVICES
PH. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360, Email- rradvertisingmeerut@gmail.com

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष योजनांतर्गत जिला संचालन समिति की बैठक

आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष योजना के अंतर्गत जिला संचालन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में 23 प्रकरणों पर विचार किया गया। 23 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई तथा 15 प्रकरणों पर अस्वीकृति प्रदान करते हुए 4 प्रकरणों को एफ0एस0एल0 रिपोर्ट प्राप्त होने तक अभिमत को सुरक्षित रखा गया है। प्रकरणों में शीघ्र एफ0एस0एल0 रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु निदेशक विधि विज्ञान प्रयोगशाला, निवाडी,



गाजियाबाद से पत्राचार कर व्यक्तिगत रूप से संपर्क एफ0एस0एल0 रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर अपर (जिलाधिकारी नगर), सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ, सहायक अभियोजन अधिकारी, नोडल मेडिकल ऑफिसर्स डॉ० सना, डॉ रजत व् जिला प्रोबेशन अधिकारी महिला कल्याण विभाग एवं महिला सम्मान प्रकोष्ठ पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


दैनिक जागरण
टाईम ऑफ इण्डिया
नवभारत टाइम्स
हिन्दुस्तान टाइम्स
राजस्थान पत्रिका
हिन्दुस्तान
पंजाब केसरी
दैनिक जनवाणी
अमर उजाला
दैनिक भास्कर
द इण्डियन एक्सप्रेस

Estd. 1979
ADVERTISING SERVICES
Shri Krishan Bhawan, 283, Western Kutchery Road, Meerut-250001 (U.P.)
PH.: 0121-2641338, 9690331338

नाम परिवर्तन
व्यवसायिक
श्रद्धांजलि
आवश्यकता
शॉपिंग
अदालती/जन सूचना
मोटर वाहन
खोया-पाया
जमीन/जायदाद
सभी प्रकार के
क्लासिफाइड

इनडोर, ऑउटडोर मिडिया, समाचार पत्र, मैग्जीन, बलून, फिल्म, इवेन्ट, हार्डिंग, फ्लैक्स बोर्ड

एडवांस मल्टी स्पेशलिटी लैप्रोस्कॉपी, यूरोलॉजी, लेजर सेंटर



✔ योग्य एवं अनुभवी डॉक्टरों द्वारा उपचार
✔ 24×7 आपातकालीन सेवाएं एवं ICU
✔ आधुनिक ऑपरेशन थिएटर में सुरक्षित सर्जरी

लैप्रोस्कोपिक एवं ओपन सर्जरी
छोटा टांका, जल्द रिकवरी

DR ANUJ SHARMA
MS (General Surgery)
Consultant General & Laparoscopic Surgeon

सभी प्रमुख इंश्योरेंस/टीपीए पैनल
आयुष्मान भारत में
कैशलेस सुविधा उपलब्ध
केवल यूरोलॉजी एवं सर्जरी के लिए

✔ पित्ताशय (गॉलब्लैडर) सर्जरी
✔ अपेंडिक्स सर्जरी
✔ हर्निया सर्जरी
✔ बवासीर / फिशर / फिस्टुला
✔ आंतों से संबंधित सर्जरी
✔ यूरोलॉजी सर्जरी
(किडनी स्टोन, प्रोस्टेट आदि)

PREM HOSPITAL
& TEST TUBE BABY CENTRE MEERUT
NABH Accredited Healthcare Facility

निकट शॉपरिक्स मॉल, बिजली बम्बा बाईपास, मेरठ।
हेल्पलाइन :- 7080908010 www.premhospitals.com

COMFORT HEARING
Chamber Available for Doctor
signia

मूर्ति हियरिंग ऐड सेन्टर

100% COMPUTERIZED DIGITAL HEARING AID



Behind the Ear (BTE)
Completely in the Canal (CIC)
Receiver in the (RIC)

निकट कचहरी पुल, 229, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ।
(जिला सहकारी बैंक के बराबर वाली गली के अन्दर)
M-7017397893, 9837169137
गली के अन्दर...

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



BUSINESS
व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु
आवश्यकता/उपलब्धता

# सद्भावना विकास अभियान

प्रज्वलित करें अपनी सूझबूझ, संभावना, अवसर
Ignite Your Imagination, Possibility, Opportunity
पुनः देखें जीवन के लिए
RE VISION FOR LIFE

विकास यात्रा यानी निरन्तर प्रवाह–हम कहाँ थे, आज कहाँ आ गये हैं, कहाँ पहुँचेंगे? आवश्यक है यात्रा समझते रहें।

निम्न विषयों के समर्थन एवं संभावनाओं पर बौद्धिक अभिव्यक्ति को लिपिबद्ध) एवं फिल्मांकन करने का अवसर, आप आमंत्रित है। घर बैठे ज़ूम द्वारा भाग लें।

- प्रगति एवं विकास के लिए महंगाई आवश्यक तत्व हैं?
- आज के परिवेश में आंदोलन के तरीके बदलने हैं? (धरना प्रदर्शन के स्थान पर सहयोग करे बिना असहयोग)
- जन प्रतिनिधियों के चयन में बहुमत सम्बन्धित क्षेत्र के (कुल वोटों के आधार पर सुनिश्चित हो।)
- पुनः उपयोग अभियान – मनुष्य का रोटी बैंक
- शिक्षण संस्थान – व्यापारिक/उद्योग संस्थान–बाजार–वार्ड
- नगर के गौरव –नगर की प्रतिभाएं–मेरी यात्रा
- भारत में रोजगार और कुशलता पर कार्य होना चाहिए।
- इण्डिया/हिन्दुस्तान का नाम भारत ही प्रयोग करें।

फिल्म प्रदर्शन
You Tube/Shramshikhar चैनल
हिंदी साप्ताहिक श्रम शिखर

पंजीकरण प्रारम्भ
M. 9219660359
पंजीकरण कैटेगिरी व्यक्तिगत, संस्थागत कारपोरेट, एसोसिएशन

मीडिया पार्टनर
हिंदी साप्ताहिक
श्रम शिखर

आयोजक : सद्भावना समिति पंजी० श्री कृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ मो० 9219660359


# जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद मेरठ के सम्पूर्ण क्षेत्र में जारी किये प्रतिबन्धात्मक/निषेधात्मक आदेश

जिला मजिस्ट्रेट डा0 वी0के0 सिंह ने बताया कि आगामी माह/दिनों में श्रावण शिवरात्रि पर्व, स्वतंत्रता दिवस, ईद-ए-मिलाद/बारावफात तथा विभिन्न आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओ एवं महाविद्यालयो की परीक्षाएं प्रस्तावित/हो रही है। मेरठ एक संवेदनशील जिला है जिसके परिप्रेक्ष्य में यह संभव है कि कतिपय अराजक, समाज विरोधी, शरारती, साम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरता, सदभाव व कानून एवं शांति व्यवस्था बिगाडने का सुनियोजित प्रयास कर सकते है। आगामी दिवसो में विभिन्न धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों/संस्थाओ/व्यक्तियो आदि द्वारा जनपद के विभिन्न भागो में धरना, प्रदर्शन, जुलूस मार्च, पदयात्रा इत्यादि द्वारा अथवा अन्य प्रकार के अविधिक, असमाजिक, क्रिया-कलापो एवं कार्यक्रमो से शांति भंग की जा सकती है।

उपरोक्त से मैं पूर्णतया संतुष्ट हूं एवं मेरा समाधान हो गया है कि जनपद के 32 थाना क्षेत्रो में जिसमें महिला थाना भी सम्मिलित है, विराधी तत्वो की अवांछनीय गतिविधियो पर अंकुश लगाने हेतु एवं वर्तमान परिवेश में कानून व्यवस्था/लोक प्रशांति बनाये रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक/निषेधात्मक आदेश पारित करना आवश्यक हो गया है।

अतः मैं डा0 वी0के0 सिंह जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद मेरठ के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्नवत प्रतिबन्धात्मक/निषेधात्मक आदेश तात्कालिक प्रभाव से पारित करता हूँः-

जनपद में किसी भी व्यक्ति/संस्था/संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम/माध्यम से सांप्रदायिक सदभाव व सामाजिक सौहार्द को बिगाडने का प्रयास नहीं किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति/संगठन द्वारा कोई ऐसा कार्यक्रम सार्वजनिक/निजी स्थल पर आयोजित नहीं किया जायेगा जिससे किसी जाति/पंथ/संगठन/धर्म के अनुयायिओ की भावनाओ को आघात पहुंचे और साम्प्रदायिक/धार्मिक उन्माद की स्थिति उत्पन्न हो। इसके साथ किसी भी प्रचार आदि के लिए अपने साथ-साथ किसी अन्य व्यक्ति की भूमि, भवन आदि का किसी भी रूप में प्रयोग बिना पूर्व अनुमति नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन, दीवार अथवा अन्य स्थान पर पोस्टर हैण्डबिल नहीं चिपकाएगा, प्रचार लेख नहीं करायेगा और न ही होर्डिग अथवा कटआउट लगायेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के समारोह/कार्यक्रम/जुलूस आदि कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्रो जैसे लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग किसी भी दशा में बिना पूर्व अनुमति के नहीं करेगा एवं पूर्व अनुमति की दशा में भी अनुमति की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया जायेगा।

चूकिं वर्तमान परिस्थितियां तात्कालिक एवं आपातकालीन है, इसलिए इतना समय नहीं है कि किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियो के समूह को नोटिस दी जा सके अथवा सुना जा सके। अतः उपरोक्त आदेश जन सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था एवं लोक पर शांति को दृष्टिगत रखते हुये एक पक्षीय रूप से पारित किये जा रहे है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में अथवा उसकी सीमाओ में जो व्यक्ति आते जाते अथवा उपस्थित रहते है, उन पर समान रूप से प्रभावी होगा।

यह आदेश दिनांक 26 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि 12.00 बजे तक लागू रहेगा। यह आदेश आवश्यकता बढने पर उक्त तिथियो से पूर्व भी खंडित किया जा सकता है अथवा अवधि बढाई जा सकती है। उपरोक्त आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भारतीय दंड संहिता की धारा-223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

# पुलक्स कंपनी में विद्या यूनिवर्सिटी के छात्र चयनित

मेरठ स बागपत रोड स्थित विद्या यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं रोजगार के अवसरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुलक्स कंपनी के सहयोग से एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। यह भर्ती प्रक्रिया ऑफिस एग्जीक्यूटिव तथा सेल्स एंड मार्केटिंग पदों के लिए की गई जिसमें 5 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं अन्य मूल्यांकन चरणों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपरांत पायल सांगवान, कुशल सांगवान, करण सिंह सामिया सैफी, अकांशा आदि विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ।



इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, संचार कौशल, आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक क्षमता प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्राप्त हुआ। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं शिक्षण, मार्गदर्शन को दिया।

विद्या यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट सेल ने पुलक्स कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे उद्योग-संस्थान सहयोग विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्या यूनिवर्सिटी निरंतर एक सशक्त प्लेसमेंट इकोसिस्टम विकसित करने, उद्योग जगत के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख ज्ञान, कौशल एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


PREM HOSPITAL
& TEST TUBE BABY CENTRE MEERUT
BIJLI BAMBA BYPASS MEERUT
REQUIRES
ACCOUNTS HEAD
IMMEDIATE JOINING
• Relevant Qualification in Finance, Taxation & Business Administration
• Minimum 5 Years Experience in Hospital Accounts
KEY ROLE
• Accounts & Finance Management
• Billing & TPA Management
• GST, TDS & Statutory Compliance
• Budgeting & Financial Reporting
- NABH ACCREDITED
- 100-BEDDED
MULTISPECIALITY HOSPITAL
SEND YOUR CV - premhospitalss@gmail.com
7080908010



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारी और विभिन्न रोगों के उपचार हेतु विज्ञापन आवश्यकता/उपलब्धता

# एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक

एनआईसी सभागार में आज जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित 25 विभिन्न प्रकरणों पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सर्वाच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा के निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें तथा शासन एवं सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन करें। उन्होंने दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



नगर निगम से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवैध एवं मानक के विरूद्ध लगाये गये यूनिपोलों को चिन्हित कर उन्हें तत्काल हटाने की कार्रवाई करने तथा अगली बैठक में अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सक्षम/नोडल अधिकारी की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग को चिन्हित स्थानों पर विद्युत पोलों की शीघ्र शिफ्टिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता के लिए आवश्यक सूचना एवं बैनर प्रदर्शित कराए जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने के लिए हाईवे पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, साथ ही सडक मार्गों पर बने अवैध कटों को बंद कराने की कार्रवाई की जाए।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, दुर्घटना संभावित स्थलों के सुधार, यातायात प्रबंधन कंजेशन प्वाइंट्स पर जाम की समस्या के समाधान, सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा तथा प्रवर्तन कार्यवाहियों की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रसाद, पुलिस अधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सत्येन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार तथा संबंधित




## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0

## जन–सुनवाई मे उपभोक्ताओं की समस्याओं का हुआ प्रभावी समाधान।

प्रबंध निदेशक श्री अविनाश गुप्ता (आई.ए.एस.) द्वारा आज डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ के सभागार में आयोजित साप्ताहिक जन-सुनवाई कार्यक्रम में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की गई। जन-सुनवाई के दौरान विभिन्न जनपदों से कुल 27 शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रबंध निदेशक द्वारा प्रत्येक उपभोक्ता की समस्या को सुनते हुए उनका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जन-सुनवाई में मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, हापुड़ एवं अन्य जनपदों से आए उपभोक्ताओं ने नए संयोजन, मीटर, विद्युत आपूर्ति, पी.डी., पोल आदि से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। शिकायतों की सुनवाई के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जन-सुनवाई में यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, संवेदनशीलता एवं उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखकर किया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जन-सुनवाई केवल शिकायत दर्ज कराने का माध्यम नहीं बल्कि उपभोक्ताओं और विभाग के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी मंच है। जन-सुनवाई में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण का समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए।जन-सुनवाई में डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर श्री आशु कालिया, निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), श्री संजय जैन, निदेशक (वाणिज्य), श्री एन.के. मिश्रा, निदेशक (तकनीकी), श्री स्वतंत्र कुमार तोमर, निदेशक (वित्त) उपस्थित रहे।श्री पी.के. सिंह, मुख्य अभियंता, श्री मोहम्मद सगीर, मुख्य अभियंता, श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, श्री गुलाब सिंह, मुख्य अभियंता, श्री गुरजीत सिंह, मुख्य अभियंता तथा श्री रजनीकांत मिश्रा, मुख्य अभियंता भी उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त जन-सुनवाई में श्री अनुराग भल्ला, अधीक्षण अभियंता, श्री हरिकेश, अधीक्षण अभियंता, श्री अभिषेक सिंह, अधीक्षण अभियंता, श्री मोहम्मद अरशद, अधीक्षण अभियंता, श्री सोनम सिंह, स्टाफ ऑफिसर, श्री सौरभ मंगल तथा अन्य अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी आदि ने भी सक्रिय योगदान दिया।





R-Reliable, R-Reasonable
RR ADVERTISING SERVICES
Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event
Estd. 1979
PH. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360, Email- rradvertisingmeerut@gmail.com